दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

बर्षः- 04
अंकः- 86
मुरादाबाद
16 July 2024
(Tuesday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## सीएम योगी के निर्देश, मीटर जांच या बकाया की वसूली के नाम पर उपभोक्ताओं का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में अफसरों को निर्देश दिया कि मीटर जांच अथवा बकाया की वसूली के नाम पर आम उपभोक्ता का उत्पीड़न नहीं किया जाना चाहिए। बिलिंग और कलेक्शन एफिशिएंसी बढ़ाने के लिए मिलकर प्रयास करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने सोमवार को ऊर्जा विभाग के माननीय मंत्री की उपस्थिति में प्रदेश में बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए भविष्य के दृष्टिगत जारी प्रयासों की समीक्षा की। बैठक में उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ-साथ सभी डिस्कॉम के वरिष्ठ अधिकारियों और अभियन्ताओं की भी सहभागिता रही। बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में बीते सात वर्षों में प्रदेश में सबको बिजली-निर्बाध बिजली का संकल्प पूरा हो रहा है। हर गांव-हर मजरे तक बिजली उपलब्ध पहुंचाई गई है। यह सुखद है कि आज बिना किसी भेदभाव अथवा वीआईपी कल्चर के आपूर्ति की जा रही है। इस बार भीषण गर्मी के बीच आमजन की सुविधा के लिए अतिरिक्त प्रयास करते हुए 15 मार्च से 30 जून तक पूरे प्रदेश में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की गई।

विभिन्न हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट के अतिरिक्त आज प्रदेश में अनपरा, हरदुआगंज, ओबरा, पारीछा और जवाहरपुर में 22 थर्मल परियोजनाएं सफलतापूर्वक चल रही हैं। घाटमपुर, पनकी, ओबरा-सी और जवाहरपुर में निर्माणाधीन इकाइयों का कार्य तेजी के साथ पूरा करा लिया जाए।

एनटीपीसी के साथ संयुक्त उपक्रम के रूप में स्थापित हो रही ओबरा डी, अनपरा ई और मेजा तापीय परियोजना-द्वितीय चरण के अलावा, टीएचडीसी के साथ निर्माणाधीन खुर्जा तापीय परियोजना का कार्य तेज किये जाने की अपेक्षा है। इन प्रयासों से प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी होगी। रिहंद बांध, ओबरा जलाशय तथा इसके आस पास के क्षेत्र में पम्प स्टोरेज प्लांट स्थापित किये जाने की संभावना का अध्ययन कराया जाए। उन्होंने कहा कि बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 2018-19 में एक दिन में सर्वाधिक 20062 मेगावॉट की मांग रही, जो इस सत्र में 13 जून को 30618 मेगावॉट तक पहुंच गई थी। आमजनता की आवश्यकता के दृष्टिगत इस वर्ष गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति की गई। मांग के सापेक्ष पर्याप्त बिजली आपूर्ति कराया जाना सुनिश्चित कराएं। हर घर बिजली-निर्बाध बिजली के संकल्प की पूर्ति में विद्युत पारेषण तंत्र को और बेहतर किया जाना आवश्यक है। नए सब स्टेशन स्थापित करने से पूर्व वहां की आवश्यकता का अध्ययन जरूर किया जाए। अगले पांच वर्ष की आवश्यकता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित करते हुए नए सब स्टेशनों की स्थापना कराई जाए। बिना विलंब सुधारे जाएं ट्रांसफार्मर- मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि गांव हो या नगरीय क्षेत्र ट्रांसफार्मर खराब हो तो बिना विलंब तत्काल सुधार होना चाहिए। आवश्यकतानुसार नया ट्रांसफार्मर भेजा जाए। तय समय सीमा का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। ट्रांसफार्मर की मरम्मत करने वाली एजेंसियों के कार्यों का भी अवलोकन किया जाना चाहिए। टॉल फ्री नंबर/हेल्पलाइन पर आने वाली हर कॉल अटेंड करें। हर उपभोक्ता की समस्या का यथोचित समाधान किया जाना चाहिए। बिजली कनेक्शन चार्ज तय करने को लेकर प्राय: लोगों में असंतुष्टि देखी गई है। यह आवश्यक है कि इसमें एकरूपता हो। इसके लिए नियमों में सुधार करें। अनावश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज को कम किया जाए। आम जन की सुविधा और सहूलियत को प्राथमिकता दें। पॉवर कॉर्पोरेशन के सामने सबसे बड़ी चुनौती है सही बिल और समय पर बिल उपलब्ध कराना तथा सभी उपभोक्ताओं से बिल की राशि का संग्रह करना। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी उपभोक्ता को गलत बिजली बिल न मिले और सभी को समय से बिल मिल जाए। ओवरबिलिंग अथवा विलंब से बिल दिया जाना उपभोक्ता को परेशान तो करती ही है, व्यवस्था के प्रति निराश भी करती है और वह बिल जमा करने के प्रति उत्साहित नहीं होता। ऐसे में समय से बिल और सही बिल दिया जाना सुनिश्चित करें। उपभोक्ताओं से संवाद बनाएं। इसके लिए डिस्कॉम से लेकर फीडर तक सभी को ठोस प्रयास करना होगा। नियोजित प्रयासों से लाइन लॉस में लगातार कमी आ रही है। बिजली चोरी को रोकें। मीटर रीडर के काम की मॉनीटरिंग की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि बिजली मीटर जांच/बिल बकाया के नाम पर किसी उपभोक्ता का उत्पीड़न नहीं होगा। हर उपभोक्ता के साथ हमारा व्यवहार सद्भावनापूर्ण होना चाहिए। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति लोगों में उत्साह है। अब तक 18 लाख से अधिक लोगों ने इस योजना से जुड़ने के लिए पंजीयन कराया है। उचित होगा कि इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। अधिकाधिक लोगों को इस योजना से परिचय कराएं। अयोध्या के साथ-साथ सभी नगर निगमों को %सोलर सिटी% के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। झांसी, ललितपुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, चित्रकूट और जालौन में प्रस्तावित सोलर पार्क के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से पूरी करें। इसी प्रकार, जैव ऊर्जा नीति के अनुरूप, सीबीजी, बायो कोल और बायो डीजल प्लांट की स्थापना की कार्यवाही को भी आगे बढ़ाया जाए।


## संक्षिप्त समाचार

### शरद पवार पर निशाना साधने के बाद उनसे मिलने पहुंचे अजित गुट के छगन भुजबल, सियासी गलियारों में हलचल

ये मुलाकात ऐसे वक्त पर हुई है, जब एक दिन पहले ही छगन भुजबल ने शरद पवार पर जोरदार हमला किया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि महाराष्ट्र में जिस तरह मराठा आरक्षण पर लोगों को भड़काया जा रहा है, उसके पीछे शरद पवार ही हैं।महाराष्ट्र की राजनीति में सोमवार को एक अलग ही समीकरण देखने को मिला। एक दिन पहले जिस नेता को शरद पवार पर मराठा आरक्षण की बैठक में शामिल नहीं होने के लिए जमकर निशाना साधते देखा गया था, वहीं आज उन्हें उनसे मुलाकात करते देखा गया। जी हां, हम राज्य मंत्री छगन भुजबल की बात कर रहे हैं। दरअसल, पहले से ही ऐसी खबरें आ रही थीं कि महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार गुट के कुछ नेता नाराज हैं और वो शरद पवार के साथ जा सकते हैं। इसी बीच, सोमवार को अचानक ही अजित गुट के दिग्गज नेता भुजबल शरद पवार से मुलाकात करने के लिए पहुंच गए।एक दिन पहले किया था हमला- ये मुलाकात ऐसे वक्त पर हुई है, जब एक दिन पहले ही छगन भुजबल ने शरद पवार पर जोरदार हमला किया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि महाराष्ट्र में जिस तरह मराठा आरक्षण पर लोगों को भड़काया जा रहा है, उसके पीछे शरद पवार ही हैं और अब आज वह उनसे मिलने उनके घर सिल्वर ओक पहुंच गए। मुलाकात की वजह साफ नहीं- उन्होंने अभी तक मुलाकात की कोई वजह नहीं बताई है। मुलाकात मराठा बनाम ओबीसी के बीच हो रही लड़ाई के चलते हुई है।

## अमित शाह ने तीन राज्यों के मुख्यमंत्रियों से की बात, बाढ़ और बारिश से बिगड़े हालातों की ली जानकारी

अमित शाह ने राज्य में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली। वहीं सभी मुख्यमंत्रियों ने मौजूदा स्थिति और अब तक उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को असम, उत्तर प्रदेश और गुजरात के मुख्यमंत्रियों से बात कर तीनों राज्यों में बाढ़ और भारी बारिश के कारण उपजी स्थिति का जायजा लिया। साथ ही केंद्र की ओर से हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। सूत्रों ने बताया कि शाह ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने राज्य में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली। शर्मा ने मौजूदा स्थिति और अब तक उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी।वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से फोन पर बात की। केंद्रीय गृह मंत्री ने दोनों राज्यों में भारी बारिश के बाद नदियों में बढ़ते जलस्तर के कारण पैदा हुई स्थिति का जायजा लिया। शाह ने तीनों मुख्यमंत्रियों को स्थिति से निपटने के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव मदद मुहैया कराने का आश्वासन दिया। सैकड़ों जानें जा चुकी हैं- बता दें, असम में बाढ़ और बारिश से जुड़ी घटनाओं में अब तक 109 लोगों की जान जा चुकी है। राज्य के कछार, चिरांग, दरांग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, गोलपाड़ा, गोलाघाट, जोरहाट, कामरूप, कामरूप मेट्रोपॉलिटन, करीमगंज, माजुली, मोरीगांव, नागांव, नलबाड़ी और शिवसागर जिलों में 5,97,600 से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। उत्तर प्रदेश के 22 जिलों में लगभग 1,500 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं और बारिश से संबंधित घटनाओं में कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।



## बसपा समीक्षा बैठक: मायावती बोलीं- जनता भाजपा की नीतियों से दुखी पर कांग्रेस भी समस्याओं का समाधान नहीं

बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोमवार को उत्तराखंड के पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और भाजपा व कांग्रेस दोनों को निशाने पर लिया।बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि उत्तराखंड में जनता भाजपा सरकार की गलत नीतियों व द्वेषपूर्ण कार्यशैली से लोग दुःखी हैं। हालांकि, कांग्रेस भी उनकी गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, असुरक्षा आदि से त्रस्त जीवन का समाधान नहीं है। वो उत्तराखंड के बसपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ समीक्षा बैठक में बोल रही थीं।उन्होंने एक्स पर कहा कि उत्तराखण्ड में पार्टी संगठन के कार्यों, पार्टी के जनाधार को बढ़ाने तथा बसपा पार्टी व मूवमेन्ट से जुड़े खास मुद्दों के साथ ही राज्य में हाल में हुए विधानसभा उपचुनाव आदि पर पार्टी के वरिष्ठ व जिम्मेदार लोगों के साथ नई दिल्ली में सोमवार को आयोजित बैठक में गहन समीक्षा की गई।कुल मिलाकर, उत्तराखंड में भाजपा सरकार की गलत नीतियों व द्वेषपूर्ण कार्यशैली से लोग दु:खी हैं, जिसको लेकर जनता को जागरुक करना है कि कांग्रेस भी उनकी गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, असुरक्षा आदि से त्रस्त जीवन का समाधान नहीं है बल्कि बहुजनों को खुद अपने पैरों पर खड़ा होना है। बता दें कि उत्तराखंड में हुए उपचुनाव में भाजपा को दो सीटों पर हार मिली है। यहां की बद्रीनाथ सीट पर भी भाजपा की हार हुई है।




## जज साहेब हमारी शादी टूट चुकी है, अब सुधर नहीं..., उमर अब्दुल्ला ने शीर्ष अदालत में तलाक की लगाई अर्जी

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने पायल अब्दुल्ला को नोटिस जारी किया और छह सप्ताह के भीतर उनसे जवाब मांगा।नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने तलाक के मामले में सुप्रीम अदालत का दरवाजा खटखटाया है। अब्दुल्ला की अर्जी पर अदालत ने उनकी पत्नी पायल अब्दुल्ला को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।अब्दुल्ला ने अदालत से कहा कि



हमारी शादी टूट चुकी है और अब रिश्ते सुधर नहीं सकते। इसलिए तलाक चाहिए। इस पर न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने पायल अब्दुल्ला को नोटिस जारी किया और छह सप्ताह के भीतर उनसे जवाब मांगा। इसके साथ ही कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 30 अगस्त की तारीख तय की है। काफी सालों से रह रहे अलग- उमर अब्दुल्ला का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा, दोनों की शादी खत्म हो चुकी है। दोनों बीते 15 सालों से अलग रह रहे हैं। उनके बीच अब पति और पत्नी जैसा कोई रिश्ता नहीं है। उन्होंने पीठ से मांग की कि वह संविधान के आर्टिकल 142 में वर्णित अधिकार के तहत इस मामले में फैसला सुनाएं। बता दें, शादियों को लेकर इस नियम का हवाला सुप्रीम कोर्ट ने दिया था। इसके आधार पर किसी भी तलाक के मामले को वाजिब समझते हुए कोर्ट खुद शादी को भंग करने का आदेश दे सकता है। कपिल सिब्बल की दलील पर जस्टिस धूलिया और जस्टिस अमानुल्लाह ने पायल को नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट से लग चुका है झटका- दरअसल, उमर अब्दुल्ला ने इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया था। उन्होंने कहा था कि उन्हें क्रूरता के आधार पर तलाक दिया जाए। इस पर उच्च न्यायालय ने कहा था कि उमर अब्दुल्ला के आरोप अस्पष्ट हैं और साबित नहीं होता है कि पायल ने उनके साथ क्रूरता की है। हाईकोर्ट से झटका लगने के बाद उमर अब्दुल्ला ने शीर्ष अदालत का रुख किया और फैसले को चुनौती दी। 1994 में हुई थी उमर और पायल की शादी- उमर और पायल की शादी सितंबर 1994 में हुई थी, लेकिन वे काफी समय से अलग रह रहे हैं। उमर की तलाक याचिका को 30 अगस्त, 2016 को एक पारिवारिक अदालत ने खारिज कर दिया था। पारिवारिक अदालत ने माना कि वह शादी के टूटने को साबित करने में असफल रहे। अदालत ने कहा कि उमर क्रूरता या त्याग के अपने दावों की पुष्टि नहीं कर सके और किसी ऐसी विशिष्ट परिस्थिति की व्याख्या करने में असमर्थ थे, जिसके कारण पायल के साथ संबंध बनाए रखना उनके लिए असंभव हो गया था। इसके बाद उमर अब्दुल्ला हाईकोर्ट चले गए थे और अब उनकी तलाक की अर्जी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है।

## संपादकीय Editorial

### Prime Minister under pressure

Prime Minister Modi will be under more pressure and stress in his third term. The basic reason is that BJP does not have a simple majority, so it has had to resort to coalition. In the first two terms, BJP alone had an absolute majority, but Prime Minister Modi kept the NDA intact and also gave it a place in the cabinet. Now the situation is not such that everything is run by the charisma and influence of the Prime Minister. Fighting and winning elections should be considered a child's play. Of course, there are BJP-NDA governments in more than 20 states and union territories of the country. There are the most MPs in both the houses of Parliament. There are also the most MLAs. Despite all this, it may not seem logical for the Prime Minister to be under pressure and stress, but the situation is becoming like this. First of all, take the Telugu Desam Party (TDP), whose support of 16 Lok Sabha MPs is very important for the stability of the Modi government. TDP President and Andhra Pradesh Chief Minister Chandrababu Naidu was on a visit to Delhi recently. He had demanded an immediate financial package of Rs 1 lakh crore from the government. Out of that, he needed Rs 50,000 crore immediately because he needed money for Andhra's new capital Amaravati and other routine expenses. Andhra is burdened with heavy debt. On this demand of Chandrababu, Finance Minister Nirmala Sitharaman expressed her inability to arrange for so much additional money. Naidu met the Prime Minister and requested that a committee be formed, whose chairmanship should be given to him. This attitude of Chandrababu is the beginning of pressure on the Modi government. The demand for 'special state status' is getting stronger in Bihar. Statements are coming from the leaders of the constituent parties that this is the basic right of Bihar. There are 12 JD-U MPs from Bihar. They are also aware that it is not legally possible to give this status because the Finance Commission has already canceled this arrangement in 2014. However, there is no possibility of rift, cracking and breaking in the alliance, but if there is a separation in the alliance at the local level, then how and for how long can the alliance remain intact at the national level? The budget session of Parliament is starting from July 22. Finance Minister Nirmala Sitharaman will present the budget in the House on July 23. In view of that, Bharatiya Mazdoor Sangh, Bharatiya Kisan Sangh and Swadeshi Jagran Manch have submitted their respective demand letters to the Finance Minister. All these organizations belong to RSS, so their demands cannot be ignored just like that. There will be many more such organizations, which would want their demands to be fulfilled in the budget! Apart from this, there are different tensions and pressures of politics and elections. From the general elections, 2024 to the recent 13 by-elections, the mandate has not been 'BJP'. 63 MPs of BJP have lost in the Lok Sabha and 10 by-elections have been in favor of the opposition alliance 'India'. BJP has got only two victories. By-elections are yet to be held on many seats in UP. Assembly elections will be held in Haryana, Maharashtra and Jharkhand in October-November. BJP's supremacy is at stake. Now it seems that elections cannot be won through polarization, turncoats, Hindutva, communalism etc. Now BJP will have to change its strategy. Now BJP will have to fight elections with the support of its full strength, brain, ideology and cadre, only then its political status can be maintained. However, the elections that are to be held will not affect the power of the country at all. Even if there is defeat in the states, then BJP's strength only gets weakened. Now it has also become a point of discussion that the charisma of Prime Minister Modi is getting old.

# Census is important because: better and welfare policies can be made, accurate information about population structure-data can be obtained

The last census was conducted in 2011. India had also conducted a census during the Second World War, but the census that started every ten years from 1981 had to be postponed in the year 2020 due to the corona epidemic. But, surprisingly, despite four years having passed, we still do not have time to conduct the census. We have crossed half of the milestone of 2024. The coalition government led by Narendra Modi has returned to power for its third term. But till now there is no talk about the census that takes place every ten years. The last census was conducted in 2011. India had also conducted a census during the Second World War, but the census that started every ten years from 1981 had to be postponed in the year 2020 due to the corona epidemic. But, surprisingly, despite four years having passed, we still do not have time to conduct the census. Bangladesh and Brazil completed their last census in 2022. The US and China have already conducted their census in 2020, even under challenging circumstances. Through the census, information on the number of people in the country and demographic and socio-economic characteristics is collected on a large scale at the rural level. S. Irudaya Rajan and US Mishra, two eminent demographers associated with the International Institute of Migration and Development, Kerala, recently commented that the population count in India, the world's most populous country, is not real. In fact, most of the estimates of India's population are based on decades-old data. Until India conducts its proper census, we will only have estimates. Whatever may be the reasons behind the delay in the census, but the lack of census data is a serious issue. It is not only harmful for academics and researchers, but the implementation of welfare programs is also affected due to the delay in census data. As Rajan and Mishra also point out, 'It is important to know the exact population and demographic structure so that we can draft better policies.' Under the National Food Security Act (NFSA) 2013, about 81.35 crore people of the country will be given free ration till December 31, 2028. This ration is being given according to the data of the 2011 census. Based on the government's statement of 2019, 67 percent of the country's population i.e. 80 crore people are entitled to the Public Distribution System (PDS). Independent researchers estimate that at present about 92 crore people should come under this scope. NFSA will benefit when updated demographic data is received. This also applies to those unknown beneficiaries who are deprived of financial assistance under old age pension under the National Social Assistance Program. There are many challenges of not having the latest census data. A researcher says that if we have to vaccinate children, where to open Anganwadi or how many families to include in PDS, then census is needed for this. This is the only independent source of population data, which provides information about the characteristics of the population, such as age, sex, family size etc. at the administration and village level. Many researchers have pointed out that administrative data depends on which people the government system has been able to reach. In such a situation, there is a possibility of bias. This fact clarifies the demand for an independent and complete census for public policy. However, this does not mean that the government and its various agencies have not conducted any nationwide survey in recent years. These include the Annual Periodic Labor Force Survey (PLFS) of 2022-23, Household Consumption Expenditure Survey (HCES/MPCE), Annual Survey of Registration of Births and Deaths under the Civil Registration System (CRS) of 2020 and National Family Health Survey (NFHS-5 of 2019-21). But without the latest census data, it is difficult to estimate who needs the most help. Hopefully the new coalition government will pay attention to this.



# Investment Mantra: Gold can give more profit than the market this year, many major reasons for the rise in prices

Gold has given 13.37 percent return between January-June, the first half of the current year. This is more than Nifty-50 stocks, which have given a profit of 10.50 percent. Ajit Singh's report explains the mathematics of gold and market returns - Gold and silver have gained tremendous momentum this year. Both precious metals have made new records many times. On the basis of rupee, MCX gold contract has given a profit of Rs 8,400 per 10 grams. Sensex has gained 2,279 points during the same period. Although profit and loss are possible in both investments, but gold provides protection from risk due to many reasons. Also, it performs well even in the era of inflation. However, both the means of investment have given good benefits to the investors in the long run. Analysts believe that if interest rates do not fall this year, the return on gold can go above 15 percent, while the market's profit is expected to be less than this. Several major reasons for the rise in gold prices - There are several major reasons for the recent rise in gold prices. Central banks around the world have increased the purchase of gold. At the global level, the trend of investing in gold exchange-traded funds (ETFs) has also increased. According to the World Gold Council, in June, for the second consecutive month, investment has come in gold ETFs, which has been around 1.4 billion dollars. This rise in gold is being seen at a time when there is an environment of weakness in the growth rate of most countries in the world. Prices will rise further in domestic and global markets - Gold prices are currently running close to record highs in both domestic and global markets. Investment in gold has increased rapidly due to tensions between many countries. In the future, tensions are expected to remain especially between the US and China. Whether it is Israel's attack on Palestine or the war between Ukraine and Russia, there are no signs of them stopping soon. Profits may decrease if interest rates are reduced - In future, central banks of many countries may cut interest rates if inflation decreases. If this happens, gold prices may also decrease. The next meeting of the Federal Open Market Committee is scheduled for July 31. Last week, the US macroeconomic data indicating poor economic performance has strengthened the hopes that interest rates may be relaxed by September. Those interested in investing in gold should keep an eye on the decisions of the US central bank and the statements of its chairman Jerome Powell. Archana Pandey, Investment Advisor



# कारोबारी का कत्ल: पापा बेड पर तड़पते रहे... अंकल चाकू मारते रहे, बेटी ने बयां किया खौफनाक मंजर

मुरादाबाद- मुरादाबाद के कटघर के गाड़ीखाना मोहल्ले में शनिवार रात एक बजे पीतल कारोबारी अनिल चौधरी ( 32 ) की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। घर में सो रहे अनिल को हमलावरों ने आवाज लगाकर दरवाजा खुलवाया और बेडरूम तक पीछा कर बेटी के सामने चाकुओं से ताबड़तोड़ वार किए। छीनाझपटी में चाकू लगने से एक हमलावर भी घायल हो गया। जिसने अस्पताल में दम तोड़ दिया।





मौके से भागे दूसरे हमलावर की तलाश का जा रही है। परिजनों ने बताया कि रात एक बजे गेट की घंटी बजी तो नींद से जागे अनिल ने आवाज देकर पूछा-कौन है। बाहर से आवाज आई कि फर्म के पैसे देने आए हैं। दरवाजा खोलते ही बाहर मौजूद दो लोग अनिल पर टूट पड़े। चाकू से हमले किए तो अनिल भागकर बेडरूम में पहुंच गए। पीछा करते हमलावरों ने बेड पर गिरे अनिल पर चाकुओं से कई वार किए, जिससे उनकी जान चली गई।इस दौरान चाकू लगने से एक हमलावर के हाथ की नस कट गई लेकिन दोनों भाग निकले। बेडरूम में मौजूद बेटी ने मां तनु की मदद से पड़ोसियों और फिर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने आसपास छानबीन की तो करीब सौ मीटर दूर एक हमलावर घायल और बेहोश पड़ा मिला।



जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।पुलिस ने बताया कि मृत हमलावर कटघरबीच छत्ता मोहल्ले का आमोद था, जबकि उसका किरायेदार मोहित दूसरा हमलावर है, जो भाग गया। कारोबारी की बेटी ने भी दोनों हमलावरों को पहचान लिया है। मृतक के पिता मुन्नू सिंह चौधरी ने बताया कि दोनों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया है।कटघर के गाड़ीखाना मोहल्ले में कारोबारी की हत्या और चाकू से घायल उसके हमलावर की मौत के मामले में वारदात का मुख्य कारण अगले दिन रात तक भी स्पष्ट नहीं हो सका। शनिवार देर रात की वारदात में रविवार रात तक भी पुलिस कारोबारी की हत्या का कारण स्पष्ट नहीं कर सकी। न ही यह स्पष्ट किया कि मृतक और हमलावर के बीच क्या संबंध था। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि दोनों हमलावरों के चेहरे मौके के सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुए हैं। विशेष टीमें लगाई गई हैं। जल्द मोहित गिरफ्त में होगा। डीआईजी मनिराजजी और एसएसपी सतपाल अंतिल ने मौका मुआयने के दौरान मृतक की बेटी और पिता से बात की। कहा कि भागे हमलावर की जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी।मुरादाबाद में पीतल कारोबारी अनिल चौधरी की हत्या के दौरान घटनास्थल पर मौजूद उनकी 10 वर्षीय बेटी ने डीआईजी और पुलिसकर्मियों के सामने खौफनाक मंजर को बयां किया। उसने बताया कि पापा का आमोद अंकल गला रेत रहे थे। मैं उनको पहचान रही थी, लेकिन चाकू की डर के चलते विरोध नहीं कर पाई। खून से लथपथ पापा बिस्तर पर तड़प रहे थे।बेटी की बातें सुनकर डीआईजी के साथ मौजूद लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। उसने पुलिस को बताया कि वह ट्यूशन पढ़ने के लिए जाती थी तब आमोद अंकल को रास्ते में घूमते हुए देखती थी। उनका घर भी आना जाना था। पापा खून से सने हुए थे। घटना के समय कुछ नहीं कर सकती थी। हमलावरों के जाने के बाद मम्मी को जगाया, फिर पड़ोसियों को फोन कर घटना की जानकारी दी। कारोबारी की दो बेटियां हैं। छोटी बेटी आठ साल की है। उसे घटना के बारे में कुछ पता नहीं है। घटना से अनभिज्ञ छोटी बेटी रोती हुई मां की गोद में बैठी थी। मां और दादी से पूछ रही थी कि पापा कहां चले गए। मां और दादी के गले रुंधे हुए थे। वे जवाब देने की हालत में नहीं थीं।पीतल कारोबारी के पिता मुन्नू सिंह ने बताया कि उनके तीन बेटों में अनिल चौधरी सबसे बड़े थे। वह लोदीपुर गांव स्थित पैतृक घर में पत्नी राजबाला दो अन्य बेटे सोनू और सौरभ के साथ रहते हैं। घटना की जानकारी उनको रविवार की सुबह पड़ोसी सतीश ने दी। उनका बड़ा बेटा अनिल रामगंगा विहार स्थित रिश्तेदारों के साथ पीतल के कारोबार में उतरा था।सीखने के बाद उसने दो अन्य पार्टनरों के साथ गाड़ी खाना में किराए का मकान लेकर कारखाना खोला। छह साल पहले उन्होंने रहने के लिए कारखाने के पास मकान खरीदा था। सोचा था कि बेटा कारोबार कर नाम कमाएगा। उसकी किसी से दुश्मनी नहीं थी। अनिल किसी से कभी झगड़ा नहीं करता था। सिर्फ अपने काम से मतलब रखता था।मझले भाई सोनू ने बताया कि वह छह माह से बड़े भाई के घर नहीं आता जाता था। उसने बेटी के जन्मदिन का निमंत्रण भाभी को दिया था, लेकिन वह घर नहीं आईं। इसी वजह से दूरी बना ली थी। इसके अलावा सोनू ने बताया कि भाई के घर कन्हैया का आना जाना था, जो उसे पसंद नहीं था।

## सीआरपीएफ भर्ती परीक्षा में दोस्त की जगह परीक्षा देता सॉल्वर गिरफ्तार, अभ्यर्थी को भी पकड़ा

सीआरपीएफ के ग्रुप सेंटर रामपुर में चल रही ट्रेडमैन की भर्ती परीक्षा के दौरान सॉल्वर पकड़ा गया है। इसके साथ ही अभ्यर्थी को भी हिरासत में लिया गया है। उनसे अफसर पूछताछ की जा रही है।केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ( सीआरपीएफ ) में ट्रेडमैन की भर्ती परीक्षा के दौरान दोस्त के को पकड़ा गया है। इसके साथ ही परीक्षार्थी को भी हिरासत में लिया गया है। जा रहे हैं।सीआरपीएफ अफसर दोनों से पूछताछ कर रहे हैं। दोनों को पुलिस के सीआरपीएफ में ट्रेडमैन की भर्ती के लिए परीक्षा का आयोजन किया जा रहा के दौरान करीब तीन हजार परीक्षार्थियों को परीक्षा के लिए बुलाया जा रहा नाम के एक अभ्यर्थी को शक के आधार पर सीआरपीएफ अफसर ने पकड़ अपने दोस्त बृजपाल के स्थान पर परीक्षा दे रहा है। फर्जीवाड़े की शिकायत मिलते सीआरपीएफ के डीआईजी ने दोनों से पूछताछ की। सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर के



स्थान पर परीक्षा देते हुए एक सॉल्वर दोनों ही फिरोजाबाद के रहने वाले बताए हवाले करने की तैयारी चल रही है। है।20 जुलाई तक चलने वाली परीक्षा है।सोमवार को परीक्षा के समय सुधांशु लिया।पूछताछ में पता चला कि वह ही दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। डीआईजी सुभाष चंद्र ने बताया कि पकड़े गए दोनों युवक फिरोजाबाद के रहने वाले हैं। सुधांशु नाम का युवक बृजपाल के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। दोनों से पूछताछ की जा रही है। दोनों को बाद में पुलिस के हवाले किया जाएगा।

# शिवभक्तों के कंधे पर सजेगी मुस्लिम परिवार के हाथों से बनी कांवड़, गंगा जमुनी तहजीब एक साथ

## सावन के पवित्र महीने में फिर दिखेगा सौहार्द का अनूठा संगम

मुरादाबाद- पूरी दुनिया में सिर्फ हिंदुस्तान वो देश है जहां सभी धर्म के लोग आपसी भाईचारे के साथ सैकड़ों वर्षों से रह रहे हैं। गंगा जमुनी तहजीब यहां की परंपरा में शामिल है। हर धर्म के लोग यहां एक गुलदस्ते के विविध फूलों की मानिंद रहते हैं। क्रांतिकारी सूफी अम्बा प्रसाद और शायर जिगर मुरादाबादी का शहर आपसी सौहार्द की मिसाल है। यह धार्मिक सद्भाव पर्व त्योहारों पर और मजबूत होता है। सावन में यहां धार्मिक सौहार्द का अनूठा संगम देखने को मिलेगा जब हिंदू शिवभक्तों के कंधे पर मुस्लिम परिवार के हाथों की बनी कांवड़ सजेगी और हर हर महादेव का जयघोष करते शिवभक्त गंगाजल भरने जाएंगे और लौटकर करेंगे।हर साल सावन में महानगर से कांवड़िए हरिद्वार और ब्रजघाट मंदिरों में शिव का जलाभिषेक कर कांवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं को कांवड़ बनाने का काम महानगर पीढ़ियों से करता आ रहा है। उनका की अनूठी मिसाल है। महानगर के वर्षीय मोहम्मद इरशाद पिछले 24 तैयार करते हैं। उनके इस कार्य में आस्था का भाव लेकर सहयोग श्रावण मास शुरू होने के तीन उनका परिवार कांवड़ बनाने में जुट घर में तैयार किए कांवड़ हरिद्वार में श्रद्धालुओं की आस्था व मंशा के डिजाइन वाली कांवड़ के अलावा कांवड़ आर्डर के मुताबिक तैयार तैयार कर रहे कांवड़- मोहम्मद चार पीढ़ियां कांवड़ बना रही हैं। अहमद, पिता निसार अहमद, ताऊ





भोलेनाथ का जलाभिषेक ही नहीं आसपास के जिलों से पवित्र गंगाजल लाकर पूजा अर्चना करते हैं। पवित्र जल लाने के लिए का मुस्लिम परिवार चार कार्य हिंदू मुस्लिम भाईचारे करूला निवासी ( 34 ) सालों से बांस से कांवड़ परिवार के सभी सदस्य करते हैं। उनका कहना है कि महीने पहले से वह और जाता है। शिवरात्रि पर वह ले जाकर बिक्री करते हैं। अनुसार वह मंदिर के अन्य विविध प्रकार के करते हैं। चार पीढ़ियों से इरशाद बताते हैं कि उनकी उनके दादा अब्दुल गफूर बाबू भाई भी अपने जीवनकाल में कांवड़ तैयार करते रहे। उनकी इस परंपरा को उनके अलावा परिवार के अन्य सदस्य उनका ( 18 ) वर्षीय बेटा अरशान अहमद, मां सलमा खातून, बहन निशात अंजुम, पत्नी परवीन मिलकर आगे बढ़ा रहे हैं। बताया कि उनके ताऊ की बाबू भाई कांवड़ वाले के नाम से ही पहचान है। उनका स्वर्गवास 2012 में हो गया था। जबकि पिता निसार अहमद की 2017 में मौत हो गई। 150 रुपये से 250 में सामान्य कांवड़- इरशाद का कहना है कि हर वर्ग का ध्यान रखते हुए उनके यहां कांवड़ तैयार होता है। पूरे सीजन में 400-500 कांवड़ तैयार करते हैं। जिसमें सामान्य कांवड़ की कीमत कीमत 150 से 250 रुपये तक होती है। जबकि ऑर्डर पर 12 फीट ऊंची कांवड़ 15000/- रुपए में बनाते हैं। इस बार भी इसकी काफी मांग है। कांवड़ तैयार करने से मिलती है आत्मिक खुशी- मोहम्मद इरशाद अहमद ने कहा, कांवड़ बनाने में उन्हें आर्थिक संबल तो मिलता ही है लेकिन, सबसे अधिक आत्मिक खुशी हासिल होती है। क्योंकि भोलेनाथ के भक्तों के कंधे पर जब उनके और परिवार के सदस्यों के बनाए कांवड़ सजते हैं तो बहुत सुकून और आस्था का भाव जगता है। भोलेनाथ की कृपा उनके और उनके परिवार भी वर्षो से बनी है। तभी तो साल दर साल इस कार्य में बढ़ोतरी ही हो रही है। जिससे उनके परिवार का भरण पोषण बेहतर तरीके से होता है। साथ ही हिंदू मुस्लिम के बीच इंसानियत का रिश्ता और मजबूत होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### 1240 करोड़ से स्मार्ट होगी महानगर की बिजली व्यवस्था, आरडीएसएस योजना के तहत खर्च होगी धनराशि

मुरादाबाद- रीवैंप डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम ( आरडीएसएस ) योजना के अंतर्गत विद्युत निगम मंडल में बिजली व्यवस्था को सुधारने के लिए 1240 करोड़ रुपये खर्च करने जा रहा है। इसमें नए ट्रांसफार्मर लगाने से लेकर नए बिजलीघर बनाने व पुराने जर्जर तारों को बदलकर ने एबी केबिल डालने का काम किया जाएगा। पहले चरण में ने एबी केबिल डालने का काम मुरादाबाद



महानगर में चल रहा है। इस समय महानगर में 10 सड़कों पर एबी केबिल डालने का काम चल रहा है। हालांकि इसी चाल बहुत धीमी है। बारिश ने तो इसमें ब्रेक लगाने का काम किया है। अधिकारियों की माने को एबी केबिल डालने का काम लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो गया है। जोन के मुख्य अभियंता आरके बंसल का कहना है कि मुरादाबाद में तीन, रामपुर में एक, अमरोहा में एक, संभल में दो व बिजनौर में तीन बिजलीघर बनाने का प्रस्ताव भी भेजा गया था। 20 स्थानों पर नए ट्रांसफार्मर लगाए जाने हैं। इससे ओवरलोडिंग कम होगी और महानगर में 24 घंटे बिजली आपूर्ति हो सकेगी। गांवों में अलग किए जा रहे नलकूप फीडर- आरडीएसएस योजना के तहत गांवों में नलकूप फीडरों को घरेलू फीडरों से अलग किया जा रहा है। कई गांवों में यह कार्य पूरा हो चुका है। इससे गांवों में ओवरलोडिंग कम होगी और नलकूप उपभोक्ताओं को आठ घंटे व घरेलू उपभोक्ताओं को 18 घंटे बिजली मिल सकेगी। इसके अलावा ओवरलोडिंग वाले फीडरों को भी दो हिस्सों में बांट दिया जाएगा। एमडीए की जद में आने वाले गांवों को शहरी फीडरों से बिजली दी जाएगी। महानगर में सितंबर तक लगाए जाएगे प्रीपेड मीटर- स्मार्ट सिटी के लिए बिजली विभाग प्रीपेड मीटर लेकर आया है। इस समय महानगर में मीटर लगाने के लिए सर्वे हो रहा है। अधिशासी अभियंता प्रथम सुधाकर ने बताया कि उनके क्षेत्र में 68 हजार बिजली उपभोक्ता हैं। इस समय प्रीपेड मीटर लगाने के लिए सर्वे का काम किया जा रहा है। मुख्य अभियंता आरके बंसल ने बताया कि आरडीएसएस योजना के तहत मंडल में बिजली व्यवस्था को स्मार्ट बनाने के लिए 1240 करोड़ रुपये का बजट है। नए एबी केबिल डालने का काम चल रहा है। वहीं शुरुआत में शहरी क्षेत्र में मीटर लगाए जानें हैं। प्रथम चरण में 50 हजार मीटर लगेंगे। अगस्त सितंबर तक शहरी क्षेत्र में शत प्रतिशत प्रीपेड मीटर लगाने का लक्ष्य है। इन मीटरों में रीचार्ज करने पर ही बिजली मिलेगी।

### रेलवे पुलों पर पानी का खतरा, मुरादाबाद-लखनऊ के बीच 12 ट्रेनें लेट, कांवड़ स्पेशल 22 से चलेगी

मुरादाबाद-लखनऊ रेलखंड पर बरेली-शाहजहांपुर के बीच रेलवे पुलों पर नदियों का जलस्तर बढ़ने का खतरा बना हुआ। इस कारण ट्रेनें धीमी गति से चलाई जा रही हैं। रविवार को राजधानी, वंदेभारत, डबल डेकर एक्सप्रेस भी मुरादाबाद स्टेशन पर लेट पहुंचीं। बारिश के बाद नदियों का जलस्तर बढ़ने के कारण रेलवे पुलों को खतरा बना हुआ है। इसलिए कई ट्रेनों को धीमी गति से चलाया जा रहा है। मुरादाबाद पहुंचने वाली कई ट्रेनें लेट हो रही है। उधर, रेलवे 22 से कांवड़ स्पेशल शुरू कर रहा है। पूरे दिन में 12 से ज्यादा ट्रेनों के यात्री देरी के कारण परेशान रहे।( 12584 ) लखनऊ-आनंदविहार डबल डेकर एक्सप्रेस का मुरादाबाद पहुंचने का समय सुबह 9-39 बजे है। रविवार को यह ट्रेन दोपहर 12 बजे मुरादाबाद पहुंची।दो घंटे 40 मिनट की देरी के कारण कई यात्रियों ने एक्स पर पोस्ट कर शिकायत की। आनंदविहार से लखनऊ के लिए वापसी में यह ट्रेन चार घंटे लेट हो गई। मुरादाबाद स्टेशन पर शाम 4-50 बजे की बजाय रात 8-50 बजे पहुंची। इसी तरह सरयू यमुना एक्सप्रेस, कामख्या-भगत की कोठी एक्सप्रेस, दुर्गियाना एक्सप्रेस समेत तमाम ट्रेनें तीन से पांच घंटे की देरी से मुरादाबाद पहुंचीं। डीआरएम राजकुमार सिंह ने बताया कि पीतांबरपुर-रोजा सेक्शन में विभिन्न पुलों पर नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। ऐसे में ट्रेनों को धीमी गति से गुजारा जा रहा है। समय पालन के साथ सुरक्षित संचालन को भी प्राथमिकता दी जा रही है।22 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू हो रही है। ऐसे में रेलवे ने बरेली-ऋषिकेश, लखनऊ-ऋषिकेश के बीच कांवड़ विशेष ट्रेनों का संचालन करेगा।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# कृषि तकनीकी प्रबंध अभिकरण ( आत्मा ) के अंतर्गत गवर्निंग बोर्ड की कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया

मुरादाबाद – जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कृषि तकनीकी प्रबंध अभिकरण ( आत्मा ) के अंतर्गत गवर्निंग बोर्ड की कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने



कृषि तकनीकी को प्रोत्साहित करने और फसलों के विविधीकरण को लेकर विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में वर्ष 2024–25 हेतु कृषि तकनीकी प्रबंध अभिकरण ( आत्मा ) के अंतर्गत प्राप्त कार्यक्रम, उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के क्रियान्वयन को लेकर अनुमोदन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाओं को भी महिला कृषक के रूप में विभिन्न योजनाओं से जोड़कर प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों से गेहूं, धान, गन्ना आदि फसलों के बारे बारे में चर्चा की। बैठक के दौरान मिलेट्स प्रोत्साहन एवं विभिन्न बाजार आधारित कृषि क्षेत्रों में सक्रिय एफपीओ संगठनों से भी बातचीत की। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रगतिशील किसानों को विभिन्न कृषि संस्थानों और कृषि प्रदर्शनी से जोड़ा जाए ताकि किसान उन्नत बीजों के उपयोग और आधुनिक कृषि पद्धति से जुड़कर कृषि कार्यों को आधुनिक तरीके से करने में सक्षम बनें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव, उप निदेशक कृषि श्री संतोष द्विवेदी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण मौजूद रहे।

# कार से टकराने के बाद टैंकर पलटा, दरोगा की मौत व सिपाही घायल, गैस रिसाव के कारण बंद किया गया मार्ग

अमेठी रायबरेली में हुए सड़क हादसे में एक टैंकर ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में दरोगा की मौत हो गई व सिपाही घायल हो गया। टैंकर से गैस रिसाव के कारण करीब एक किमी के इलाके को



पुलिस ने अपने नियंत्रण में ले लिया। अमेठी जिले के जायस थाना क्षेत्र में रायबरेली मार्ग पर गांधीनगर के पास सोमवार की दोपहर गैस का टैंकर एक कार को टक्कर मारने के बाद पलट गया जिससे उसमें रिसाव शुरू हो गया। हादसे में कार सवार एक सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई जबकि एक सिपाही गंभीर रूप से घायल है। उसको जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना से अमेठी रायबरेली मार्ग बंद कर दिया गया है। पुलिस ने दोनों तरफ से रास्ता रोका है। पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। जायस थाना क्षेत्र में गांधीपुरम गांधीनगर के पास गैस ले जा रहे टैंकर और कार में टक्कर हो गई। इस हादसे में टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया और उसमें से गैस का रिसाव शुरू हो गया। हादसे में कार सवार दरोगा बृजभूषण की मौत हो गई। जबकि सिपाही संत राज गंभीर रूप से घायल हुआ है। हादसे के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई है। पुलिस ने एक किलोमीटर का क्षेत्र अपने कब्जे में ले लिया है। आसपास मौजूद लोगों और ग्रामीणों को वहां से हटाया जा रहा है। पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।

# जसरथपुर ट्रॉमा सेंटर: अखिलेश ने किया था शिलान्यास, योगी ने उद्घाटन...फिर भी है बगैर संसाधन

जसरथपुर ट्रॉमा सेंटर एटा, सिंकदराराऊ, कासगंज मार्ग पर होने वाले हादसों के घायलों को इलाज मुहैया कराने के लिए सबसे निकटतम सेंटर है। लेकिन यहां घायलों को इलाज मिल ही नहीं पा रहा है। न पर्याप्त डॉक्टर हैं और न ही दूसरे संसाधन। अलीगढ़–कानपुर मार्ग ( जीटी रोड ) पर अकराबाद




थाना क्षेत्र के गांव जसरथपुर में बने ट्रॉमा सेंटर का शिलान्यास 15 दिसंबर 2015 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने किया था। जबकि 5 जून 2017 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्घाटन किया। लेकिन फिर भी इस ट्रॉमा सेंटर पर संसाधन नहीं हैं। डॉक्टरों तक का टोटा है। यह केवल रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। यहां पहुंचने वाले घायल भी भगवान भरोसे ही रहते हैं। अलीगढ़ में जीटी रोड पर सबसे ज्यादा सड़क हादसे होते हैं। दुर्घटना के बढ़ते ग्राफ को देखते हुए गांव जसरथपुर में ट्रॉमा सेंटर खोला गया। यह ट्रॉमा सेंटर एटा, सिंकदराराऊ, कासगंज मार्ग पर होने वाले हादसों के घायलों को इलाज मुहैया कराने के लिए सबसे निकटतम सेंटर है। लेकिन यहां घायलों को इलाज मिल ही नहीं पा रहा है। न पर्याप्त डॉक्टर हैं और न ही दूसरे संसाधन। यह हालात तब हैं जब ट्रॉमा सेंटर के रिकार्ड के अनुसार, यहां रोजाना 20–30 घायल इलाज के लिए पहुंचते हैं।पूरे स्टाफ की नहीं है तैनाती– इमरजेंसी डॉक्टर नरेंद्र तिवारी ने बताया कि हादसे में घायल मरीजों को प्राथमिक उपचार देकर उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया जाता है। अभी चिकित्सकों सहित नर्सिंग स्टाफ की पूरी तैनाती नहीं है। सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। नियुक्ति के लिए भेजा गया है प्रस्ताव– सीएमओ डॉ. नीरज त्यागी ने बताया कि चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। शीघ्र ही चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती की जाएगी। इसके बाद ट्रॉमा सेंटर उचित तरीके से क्रियाशील हो जाएगा। वर्तमान में दो डॉक्टरों की तैनाती है। एक डॉक्टर स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण छुट्टी पर चल रहे हैं।ट्रॉमा सेंटर में दवाओं की कमी रहती है, बाहर से खरीदनी पड़ती हैं। डॉक्टर भी न होने के कारण इलाज भी नहीं मिलता है। – अन्तोष सिंह, रोहिना सिंहपुर। कोई अगर बड़ा हादसा हो जाए तो यहां कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। ऐसे में मरीज़ों को दिक्कत होती हैं। – अरविंद पाठक, सिहोर। कोई गंभीर मरीज अगर यहां आ जाए तो कोई सुविधा ही नहीं है। सिर्फ यहां प्राथमिक उपचार ही मिल पाता है। – ध्रुव यादव, सिकंदरपुर। यहां से तो मरीजों को सिर्फ रेफर ही किया जाता है। अधिकारियों का लगातार निरीक्षण होता रहता है, फिर भी सुधार नहीं है। – विनय, कौड़ियागंज। ट्रॉमा सेंटर में स्टाफ की स्थिति तय पद वर्तमान में तैनाती 13 डॉक्टर 02 37 नर्सिंग स्टाफ 06 तकनीशियनों की कमी सीटी स्कैन – बंद एमआरआई –बंद एक्सरे मशीन –बंद पैथोलॉजी –जांचें नहीं

## आगरा में 109 शिक्षकों ने दिया सामूहिक इस्तीफा, ऑनलाइन हाजिरी का कर रहे विरोध; व्हाट्सअप ग्रुप से हुए लेफ्ट

आगरा में 109 शिक्षकों ने सामूहिक इस्तीफा दिया। यह लोग ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे थे। विभागीय व्हाट्सअप ग्रुप से भी लेफ्ट हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश के आगरा में परिषदीय विद्यालयों में ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में सातवें दिन भी विरोध प्रदर्शन रहा है। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन




( यूटा ) के नेतृत्व में 109 संकुल शिक्षकों ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। यूटा के जिलाध्यक्ष केशव दीक्षित ने बताया कि शिक्षक लगातार विभागीय व्हाट्सअप ग्रुप से लेफ्ट हो रहे हैं। जनपद के करीब दो हजार शिक्षकों ने अपने आपको विभागीय व्हाट्सअप ग्रुप से बाहर कर लिया है। इसी क्रम में प्रतिनियुक्ति के पदों से त्यागपत्र का भी सिलसिला लगातार जारी है। मंगलवार से सभी शिक्षक अपने प्रतिनिधियों का घेराव कर अपनी मांग रखेंगे।डिजिटल उपस्थिति के विरोध में आज सातवें दिन भी शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन व बहिष्कार जारी रहा। सोमवार को ब्लॉक एत्मादपुर के 40, फतेहाबाद के 44 व बाह के 25 संकुल शिक्षकों ने अपना इस्तीफा खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा। प्रदर्शन में जिला महामंत्री राजीव वर्मा, अशोक जादौन, केके शर्मा, धर्मेंद्र चाहर, राजबहादुर, आनंद शर्मा, सुनील धनकर, नरायन हरि यादव, निधि वर्मा, नीलम रघुवंशी, निधि श्रीवास्तव, विवेक अग्रवाल, वीना वर्मा आदि प्रदर्शन में शामिल रहे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे– 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### 16 दिन पूर्व हुई थी शादी नव विवाहिता ने मिर्जा चांदपुर में युवती ने फंदा लगाकर दी जान

क्यूँ न लिखूँ सच –लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ अकराबाद – कोतवाली के गांव मिर्जा चांदपुर में एक परिवार में युवती ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दी।



जनपद बुलंदशहर के खुर्जा कोतवाली देहात के गांव मुर्सिजाबाद भटवारा निवासी कासिम अली ने अकराबाद के गांव मिर्जा चांदपुर निवासी शहवाज बेग पुत्र शरीफ बेग के साथ बीते माह को अपनी बेटी मुस्कान का मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार निकाह किया था। सोमवार तड़के मुस्कान ( 22 ) ने घर में कुलर के ऊपर चढकर छत में लगे पंखे से दुपट्टे के सहारे फंदा लगा लिया। मृतका के भाई दानिश अली खान ने बताया है। कि बहन मुस्कान अभी एक सप्ताह पूर्व हंसी खुशी घर से ससुराल गई थी।तब किसी तरह की कोई बात नहीं थी।अचानक उसकी मौत की खबर सुन कर परिवार के लोग हैरान रह गए हैं। पुलिस ने मुस्कान के शव को पोस्टमार्टम के लिए अलीगढ़ भेजा है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया है तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मुहर्रम और श्रावण मास के दृष्टिगत निर्धारित मार्गों के निरीक्षण के लिए सभी एसडीएम को निर्देश

मुरादाबाद – जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अनुसार विकास कार्यक्रमों एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे मुहर्रम के अंतर्गत ताजिए के लिए निर्धारित मार्गों और श्रावण मास के दृष्टिगत शिवालयों को जाने वाले मार्गों का यथाशीघ्र निरीक्षण करके क्षतिग्रस्त मार्ग एवं जलभराव की समस्याओं का समाधान कराना सुनिश्चित करें। बाढ़ के दृष्टिगत भी तहसील प्रशासन सहित अन्य संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आरसी के सापेक्ष राजस्व वसूली को गति प्रदान करें, एसडीएम नियमित रूप से राजस्व वसूली की मॉनिटरिंग करें। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों और समस्याओं के समाधान को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को विशेष तौर पर गंभीरता बरतने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी आईजीआरएस पोर्टल की मॉनिटरिंग करें और प्राप्त होने वाली शिकायतों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करें। निस्तारण के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और अधिकारी गंभीर प्रकृति के मामलों में मौके का निरीक्षण करके समस्याध्शिकायत की प्रकृति को समझें तथा नियमानुसार समाधान कराएं। तहसील स्तर से जारी होने वाले विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों के संबंध में भी समय सीमा का ध्यान रखा जाए ताकि आवेदक को समयबद्ध तरीके से प्रमाणपत्र मिल जाएं। विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यक्रम को प्रभावी बनाएं इसके लिए जिला पंचायत राज अधिकारी, एडीओ पंचायत सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी प्रतिदिन चिन्हित ग्रामों का निरीक्षण करें और वहां सफाई कार्य का जायजा लें। उन्होंने किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम, बीज डीबीटी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, पशुपालन, आईसीडीएस, कन्या सुमंगला योजना सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों को पूरी पारदर्शी प्रक्रिया के साथ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को आच्छादित करने के प्रति जिम्मेदारी दिखाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गुलाबचंद, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री सत्यम मिश्र सहित, पीडी डीआरडीए श्री सतीश मिश्रा, डीएसटीओ मोहम्मद परवेज, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री शैलेंद्र कुमार गौतम सहित राजस्व एवं विकास से संबंधित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

## वाल्मीकि दलित समाज की जनहित समस्याओं का समाधान करने हेतु मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सोपा अरविंद झंझोट

क्यूँ न लिखूँ सच –राकेश गुप्ता

शामली – वाल्मीकि दलित समाज की जनहित समस्याओं के समाधान कराने के लिए माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन पत्र भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी राजवीर सिंह किसन मजदूर एवं वाल्मीकि समाज के हितेषी मुंडेट के एवं में राष्ट्रीय बाल्मीकि समाज प्रतिनिधि मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद झंझोट दोनों नेताओं के नेतृत्व में श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय जनपद शामली को पांच सूत्रीय ज्ञापन सोंपा का संगठन के लोगों ने ज्ञापन में कहा कि आज वाल्मीकि दलित समाज अनेक समस्याओं से जूझ रहा है जिस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए जिसमें बताया कि उत्तर प्रदेश स्थानीय निकायों में कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारियों को जो वर्ष 2006 से कार्यरत हैं उन सभी को नियमित कराया जाए और स्थानीय निकायों में संविदा सफाई कर्मचारियों का छठ वी सातवां वेतन नहीं मिल पाया है वेतन आयोग के द्वारा जो कर्मचारी की वेतन को भी छतवा वह सातवां वेतन स्केल का लाभ दिलाने व इन और उत्तर प्रदेश की स्थानीय निकायों में संविदा सफाई कर्मचारी कर्मचारियों के बधाई गए थे और ठेके व्यवस्था के सफाई संविदा सफाई कर्मचारियों को जब तक नियमित नहीं हो पाते जो कम वेतन पर काम कर रहे हैं इन सब के वेतन में?15000 नगर पालिका परिषद में मृतक आश्रित के रूप में मृतक कर्मचारी थी और उनके परिवार को सरकार से कोई आर्थिक मुआवजा श्रीमती खेमी के स्थान पर वर्ष 1998 में मृतक आश्रित के रूप



